**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3196 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

## बिहार में प्लवनशील जेट्टी

**† 3196. श्री राजीव प्रताप रूडी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तटीय समुदायों के लिए जेट्टी किस प्रकार उपयोगी हैं;

(ख) देश में कितनी प्लवनशील जेट्टी हैं और ये किन-किन स्थानों पर अवस्थित हैं और इनके लिए कितना बजट आबंटित किया गया है;

(ग) क्या भारत ने अन्य देशों के साथ जेट्टी स्थापित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बिहू में जलमार्गों पर किन्हीं जेट्टी की स्थापना की योजना बनाई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा नदी पर दीघा, पटना से आमी, दिघवाड़ा के बीच नौका सेवाओं के लिए जेट्टी पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या पटना की ओर इस प्रकार की जेट्टी व्यवहार्य है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख):** जी हां। जेट्टियां तटीय समुदायों के लिए फिश लैंडिंग प्लेटफॉर्मों के रूप में बहुत उपयोगी है। जलमार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) के तहत, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने, जनमानस की सामाजिक- आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (रा.ज.-1) पर साठ (60) नई सामुदायिक जेट्टियों का निर्माण कार्य शुरू किया है। इन जेट्टियों का उपयोग रिवराइन/ तटीय समुदायों द्वारा उनके माल के परिवहन, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने, आजीविका सहायता, पर्यटन संबंधी उद्देश्य, फेरी प्रचालन आदि के लिए किया जाता है। अब तक, देश में राष्ट्रीय जलमार्गों पर 133.14 करोड़ रु. के बजट के साथ एक सौ पंद्रह (115) फ्लोटिंग जेट्टियां उपलब्ध कराई गई है जिन्हें **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ग):** जी नहीं।

**(घ):** आईडब्ल्यूएआई ने, बिहार राज्य में जलमार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) के तहत रा.ज.-1 पर इक्कीस (21) नई सामुदायिक जेट्टियों का निर्माण किया है। इसके अतिरिक्त, रा.ज.-37 (गंड़क नदी) पर दो (2) सामुदायिक जेट्टियों के निर्माण के लिए निविदा जारी की गई है। इनका ब्यौरा **अनुबंध-।।** में दिए गए है।

**(ङ):** स्थानीय नाव प्रचालकों के साथ-साथ कार्गो प्रचालकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कालू घाट (सारण) में इंटर मॉडल टर्मिनल (आईएमटी) तथा दीघा में दो (2) सामुदायिक जेट्टियों (राष्ट्रीय जलमार्ग-1 के दोनों तटों पर) का पहले से ही निर्माण किया जा चुका है।

**(च):** पटना की ओर पानापुर, नासिरीगंज, कच्ची दरगाह, दीघा, नकटा दियारा, बाढ़ और राघोपुर दियाराट में जेट्टियां व्यवहार्यता के अनुसार उपलब्ध कराई गई हैं।

अनुबंध- I

क. देश में राष्ट्रीय जलमार्गों पर उपलब्ध 115 फ्लोटिंग जेट्टियों का लागत सहित ब्यौरा:

| राज्य | सामुदायिक जेट्टियों की संख्या | लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 15 | 11.58 |
| बिहार | 21 | 29.01 |
| झारखंड | 2 | |
| पश्चिम बंगाल | 22 | 37.96 |
| राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर पूर्व-जेएमवीपी जेट्टियां | 25 | 4.71 |
| असम | 22 | 33.33 |
| गोवा | 03 | 9.60 |
| आंध्र प्रदेश | 04 | 6.84 |
| रा.ज- 40 (उत्तर प्रदेश) | 01 | 0.11 |

ख. उपरोक्त के अलावा, आईडब्ल्यूएआई द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में 15 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर 12 और जेट्टियों का निर्माण किया गया है।

| राज्य | स्थान |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | विक्रम घाट |
| उत्तर प्रदेश | यमुना घाट |
| उत्तर प्रदेश | कंस किला घाट |
| उत्तर प्रदेश | पानीगांव घाट |
| उत्तर प्रदेश | केशी घाट |
| उत्तर प्रदेश | मठ रोड क्षेत्र |
| उत्तर प्रदेश | देवरहा बाबा घाट |
| उत्तर प्रदेश | जुगल किशोर घाट |
| उत्तर प्रदेश | किला घाट |
| उत्तर प्रदेश | अरियल घाट |

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | गुप्तार घाट |
| उत्तर प्रदेश | नया घाट |

**अनुबंध – II**

बिहार राज्य में रा.ज.-1 और रा.ज.-37 में निर्मित सामुदायिक जेट्टियों का ब्यौरा

| क्रम सं. | ज़िला | स्थान | प्रकार |
|---|---|---|---|
| **रा.ज. -1** | | | |
| 1 | भोजपुर | मौजमपुर (माहुलीघाट) | एचडीपीई |
| 2 | पटना | पानापुर | एचडीपीई |
| 3 | पटना | नासिरीगंज | एचडीपीई |
| 4 | पटना | कच्ची दरगाह | एचडीपीई |
| 5 | मुंगेर | मुंगेर | एचडीपीई |
| 6 | भागलपुर | सुल्तानगंज | एचडीपीई |
| 7 | खगरिया | अगुआनी | एचडीपीई |
| 8 | बक्सर | बक्सर (रामरेखाघाट) | एचडीपीई |
| 9 | कटिहार | मनिहारी-1 | एचडीपीई |
| 10 | सारण | डोरीगंज | स्टील जेट्टी |
| 11 | पटना | दीर्घा | स्टील जेट्टी |
| 12 | पटना | नख्ता दियारा | स्टील जेट्टी |
| 13 | पटना | राघोपुर दियारा | स्टील जेट्टी |
| 14 | समस्तीपुर | हसनपुर | स्टील जेट्टी |
| 15 | पटना | बार्ह | स्टील जेट्टी |
| 16 | भागलपुर | तिनतांगा | स्टील जेट्टी |
| 17 | भागलपुर | कहलगांव | स्टील जेट्टी |
| 18 | कटिहार | करागोला -1 | स्टील जेट्टी |
| 19 | भोजपुर | मौअजमपुर (खवासपुर) | स्टील जेट्टी |
| 20 | बेगूसराय | सिमरिया | स्टील जेट्टी |
| 21 | भागलपुर | बटेश्वरस्थान | स्टील जेट्टी (मौजूदा) |
| **रा.ज. -37** | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिमी चंपारण | मंगलपुर (नौतन) | स्टील जेट्टी |
| 2 | पश्चिमी चंपारण | बेतिया में बैंक के सामने | स्टील जेट्टी |

*****